गीता मनीषियों ने गीता से संबंधित विषयों पर विचार किए सांझा

किरोड़ीमल पार्क में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दूसरे दिन सेमिनार का आयोजन किया गया, इसमें सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. आरबी लंग्यान मुख्य वक्ता व अन्य गीता मनीषियों ने भी गीता से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने विचार सांझा किए। सेमिनार के दौरान विभिन्न स्कूली बच्चों ने प्रस्तुति दी। बुधवार को भिवानी पब्लिक स्कूल, हलवासिया विद्या विहार, किरोड़ीमल पब्लिक स्कूल, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण स्कूल और टीआईटी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसके अलावा ज्ञानी बाई कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से स्नेहा और काजल ने भगवान श्री कृष्ण और अर्जुन के संवाद की प्रस्तुति दी। महोत्सव में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हालुवास की छात्रा प्रीति ने गीता श्लोकोच्चारण किया।